निबंधन एवं शर्तें

कनिष्ठ सलाहकार - बाल स्वास्थ्य

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) नई दिल्ली उपरोक्त पद के लिए पूर्णत: संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित है:-

रिपोर्टिंग अधिकारी: आयुक्त (MCH), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।

भूमिका एवं दायित्व: निम्नलिखित विषय क्षेत्रों के संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत नवजात एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में बाल स्वास्थ्य प्रभाग की सहायता करना:

1. एचबीएनसी, एचबीवाईसी, एफबीएनसी तथा पोषण कार्यक्रमों जैसे नवजात एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सुदृढ़ीकरण एवं कार्यान्वयन हेतु विषय क्षेत्रों को तकनीकी सहायता एवं कार्यक्रम संबंधी सहायता प्रदान करना।
2. नवजात एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सुधार हेतु योजना, कार्यान्वयन एवं मध्य पाठ्यक्रम संशोधन, प्रतिक्रिया हेतु तकनीकी सहायता प्रदान करना।
3. नवजात एवं बाल स्वास्थ्य कार्यक्रमों के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में सरकारी कार्यकर्ताओं के क्षमता निर्माण को सरल बनाना।
4. तकनीकी रिपोर्टों का विकास करने और वर्तमान दिशानिर्देशों तथा प्रशिक्षण मैनुअल की समीक्षा करने तथा राज्य जिला स्तर पर इनके प्रचार-प्रसार में सहायता करना।
5. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं का मूल्यांकन करने में सहायता करना।
6. बाल स्वास्थ्य फ्रेमवर्क आउटपुट के अंदर पर्यवेक्षक (सुपर-वाइजर) द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्य।

पात्रता

1. वरीयता:एमबीबीएस के साथ जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर और 0-1 वर्ष का कार्य अनुभव या बीडीएस/बीएएमएस/बीएचएमएस/एमएसडब्ल्यू/मास्टर इन सोशल साइंसेस/परा-चिकित्सा/बीएससी नर्सिंग के साथ जन स्वास्थ्य स्नातकोत्तर अर्हता और 0-2 वर्ष का कार्य अनुभव।
2. भारतीय स्वास्थ्य प्रणालियों, मुख्य हितधारकों और संबंधित सरकारी नीतियों/कार्यनीतियों विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से परिचित हों। राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर एनएचएम के साथ कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
3. उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषक एवं अंतर-वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लेखन संप्रेषण कौशल।
4. किसी बहु-विषय टीम माहौल में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
5. कप्यूटर दक्षता के साथ संबंधित डाटा एवं प्रलेख खोजने हेतु आम रूप से प्रयुक्त किए जाने वाले पैकेजों जैसे एमएस वर्ड, एक्सेल, पावर प्वांइट तथा वेब सर्फिंग की उच्च स्तर की जानकारी हो।

6. निर्धारित समय-सीमा वाले विभिन्न कार्यों को संभालने की दक्षता।
7. तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु राज्यों और जिलों का दौरा करने के इच्छुक हों और कार्यों को समय-सीमा के अंदर पूरा करने हेतु विभिन्न कार्य एक साथ करने की क्षमता।
8. उच्च स्तर की प्रकाशित कृति वालों या विशेष प्रसंग का कार्य अनुभव रखने वालों के लिए औपचारिक शैक्षिक अर्हता और अनुभव में छूट दी जा सकेगी।

आयु: आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 35 वर्ष तक तथा व्यापक क्षेत्रगत दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य

पारिश्रमिक रेंज : 40,000 से 70,000 रुपये के बीच प्रतिमाह ।
(योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।)

कार्य स्थान: नई दिल्ली तथा राज्यों एवं जिलों का दौरा करने के इच्छुक हों।

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **10-Feb-2020** तक केवल rch.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। कसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।